हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 10 मई 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 लोक अदालत में रिश्तों की जीत, विवाद सुलझे और...



07 हाई रिस्क गर्भवतियों की निगरानी पर जोर, 5 वर्षों...



**खबर संक्षेप में**

### नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण

**नलखेड़ा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा मध्यप्रदेश डीएस चौहान के आदेश एवं दिशा निर्देशानुसार वरिष्ठ न्यायाधीश/ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नलखेड़ा नितिन सोनी द्वारा व्यवहार न्यायालय नलखेड़ा में वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ शनिवार को किया गया। लोक अदालत में 42 मामलों में से 37 मामलों का निराकरण किया गया। जिससे 64 लोग लाभान्वित हुए तथा रूपये 2 करोड़ 79 लाख 20 हजार 445 रुपये के संबंध में समझौता हुआ। इस अवसर पर अभिभाषक संघ नलखेड़ा के अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जिनके द्वारा लाभान्वित लोगों को पौधे भेंट किये गए।

### प्याज मंडी में 1400 रुपए क्विंटल तक पहुंची

**सीहोर।** मंडी में प्याज की कीमतों में सुधार से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। 4 मई को प्याज का अधिकतम भाव 1370 रुपए प्रति क्विंटल था। गुरुवार को यह 1400 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर बना रहा। पिछले साल इन्हीं दिनों में प्याज का अधिकतम भाव 800 से 900 रुपए प्रति क्विंटल के बीच था। तब किसानों को लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा था। इस साल 500 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़त सीधे किसानों के मुनाफे में जुड़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि निर्यात नीति बेहतर हो, तो किसानों का लाभ और बढ़ेगा। मंडी में प्याज की आवक की निगरानी हो रही है। नीलामी प्रक्रिया पर भी नजर रखी जा रही है। फोकस इस पर है कि किसानों को उपज का उचित मूल्य मिले।

### ई-प्रवेश, पंजीयन का आंकड़ा 60 हजार के पार

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर की प्रवेश प्रक्रिया क्रमशः एक और 2 मई को शुरू हो चुकी है। उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिये पंजीयन कराने के लिए 7 मई तक विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में कुल 60 हजार 768 पंजीयन हो गए हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों में 39 हजार 579, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 8,364 तथा एनसीटीई पाठ्यक्रमों में 12 हजार 825 पंजीयन हुए हैं।

### मंडी प्रांगण में पर्याप्त स्थान खाली पड़ा रहा दुकानदारों ने की मनमानी

# अब हाट बाजार के नियत स्थान को छोड़कर सड़क पर लग रही दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में हाट बाजार के लिए स्थायी स्थान नही होने की वर्षो से एक बड़ी समस्या थी जिसे कुछ माह पूर्व पुरानी कृषि उपज मंडी में लगाने से इस समस्या का निदान माना जा रहा था लेकिन वहाँ स्थान खाली होने के बाद भी हाट बाजार की दुकानें पुनः सड़क पर लगने लगी है जिससे जहाँ यातायात बाधित हो रहा है वही पुनः उक्त समस्या खड़ी हो जाने की आशंका है। जिम्मेदारों को इस संबंध में संज्ञान लेकर हाट बाजार की दुकान नियत स्थान पर लगवाना चाहिए। नगर में हाट बाजार को लेकर स्थान की समस्या वर्षो से बनी हुई थी। कुछ वर्षो से ये हाट बाजार पुरानी कृषि उपज मंडी रोड पर लग रहा था जिसकी दुकानें माँ बगलामुखी मंदिर मार्ग तक लगती थी जिसके कारण हाट बाजार के दिन शनिवार को दिनभर जाम की स्थिति बनी हुई रहती थी।

नगर परिषद द्वारा इस समस्या के हल के लिए प्रयास कर पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण में हाट बाजार लगाने की अनुमति प्राप्त कर वहाँ हाट बाजार लगाना प्रारम्भ किया गया था। विगत कुछ माह से हाट बाजार की दुकानें अपने नियत स्थान पुरानी कृषि उपज मंडी में लग रही थी। अब धीरे धीरे ये दुकानें फिर से पुरानी कृषि उपज मंडी रोड़ पर लगना प्रारम्भ हो गई है। शनिवार को भी हाट बाजार की कई दुकानें सड़क के दोनों ओर लगी हुई थी। जबकि मंडी प्रांगण में पर्याप्त स्थान खाली पड़ा हुआ था।



सड़क पर हाट बाजार की दुकानें लगने से फिर से यातायात प्रभावित होने लगा है वही राहगीरों को भी आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आशंका है कि यदि इन दुकानों को नियत स्थान मंडी प्रांगण में नही लगाया गया तो ये धीरे धीरे फिर से माँ बगलामुखी मंदिर मार्ग पर लगना प्रारम्भ हो जाएगी। हाट बाजार की दुकानें अपने नियत स्थान पर लगे इसके लिए नगर परिषद व अन्य जिम्मेदारों को लगातार निगरानी करवाना होगी जिससे कि फिर से समस्या विकराल रूप धारण नही कर सके।

**इनका कहना है**

मैं इस मामले को दिखाती हूं तथा संबंधित दरोगा को इसके लिए निर्देश दिए जाएंगे की निर्धारित स्थान पर ही दुकाने लगवाई जावे।

**मिनी अग्रवाल,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद नलखेड़ा

### तृतीय आदर्श सामूहिक विवाह

## भिलाला समाज सम्मेलन में 29 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील के ग्राम पचलाना में आदर्श भिलाला समाज के तत्वाधान में तृतीय श्री भिलाला समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समपन्न हुआ। जिसमें शहनाई की गुंज व सात फेरों के साथ 29 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों तथा मोजूद समाज जनों ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया। घरातियों और बरातियों से पूरा सामूहिक विवाह पंडाल भरा हुआ था जहाँ पर वैदिक रीति से मंत्राच्चार तथा विधि विधान के साथ विवाह को सभी रस्में पूर्ण की गई एवं सात जन्मों तक साथ रहने के बचनों के साथ 29 जोडे. परिणय सूत्र में बंधे और अपने नये दाम्पत्य जीवन को प्रारंभ किया।

**जोड़ों को मिले उपहार**

विवाह सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी वर वधुओं को आयोजन समिति द्वारा गृहस्थी का समान बर्तन, आलमारी, पंलग, कुलर सहित कई सामग्री उपहार में दी गई। वहीं समारोह में भाग लेने हेतु आये समाज जनों व अन्य के द्वारा भी वर वधुओं को उपहार व नगद राशि भेंट की गई। सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकों के साथ ही बड़ी संख्या में पहुंचे समाज जनों द्वारा नवयुगलों को शुभकामनाएं प्रदान की गई। आयोजन समिति द्वारा सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया गया।

### मौत का ब्रिज बना कोठरी टर्निंग पॉइंट, सीमेंट भरा ट्रक डिवाइडर तोड़कर पुल के नीचे गिरा

कोठरी। भोपाल-इंदौर फोरलेन हाईवे पर स्थित कोठरी ब्रिज अब लोगों के लिए "मौत का मोड़" बन गया है। गुरुवार शाम करीब 6 बजे एक बार फिर सीमेंट से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए पुल के नीचे जा गिरा। हादसे में चालक घायल हो गया, लेकिन लगातार हो रहे हादसों के बाद भी एमपीआरडीसी और सड़क विभाग की चुप्पी पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## स्वाभिमान व राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

शनिवार को वीरता, त्याग और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा, उत्साह और गौरव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों, युवा मंडलों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रमों में भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। आयोजन आगर रोड बजाज शोरुम के पास किया गया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन संघर्ष में बिताया। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस एवं स्वाभिमान की मिसाल बने। उनके जीवन से हमें संघर्ष, त्याग और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने एवं समाज व राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अंतरसिंह राजपूत, दौलतपुर, जिला पंचायत सदस्य मुकेश केलकर, मंडल महामंत्री बनेसिंह चौहान, डी एस आर्य ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमंक जायसवाल, मन की बात प्रभारी रामबाबू बिजापारी, कृष्णपाल सिंह राजपूत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित है।

**चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया**

**नगर की विद्युत प्रदाय व्यवस्था चरमराई**

## बारह माह मेंटनेंस करने के बाद भी थोड़ी सी हवा चलने पर घंटों तक बिजली बंद हो जाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर की विद्युत प्रदाय व्यवस्था चरमराती दिखाई दे रही है। बारह माह मेंटनेंस करने के बाद भी थोड़ी सी हवा चली कि घंटो बिजली बंद। आखिर यह कैसा मेंटनेंस है। इस भीषण गर्मी में जहाँ आमजन लू व बढ़ते तापमान से परेशान है वही दूसरी ओर अघोषित विद्युत कटौती से चेन से बैठ भी नही पा रहे है। इस भीषण गर्मी में दिन हो या रात अघोषित बिजली कटौती लगातार जारी है। इस अघोषित कटौती के बाद थोड़ी से हवा चलने पर घन्टो बिजली बंद हो रही है वह अलग है। इसी प्रकार की घटना शुक्रवार रात्रि लगभग 9.30 बजे की है जब मात्र कुछ मिनिट के लिए थोड़ी तेज हवा चली जिसके कारण नगर के कई हिस्सों की बिजली ऐसी गुल हुई कि दो घंटे बाद लौट कर आयी।नागरिकों का कहना है कि एक ओर विद्युत कंपनी लगभग प्रतिदिन कभी विद्युत लाइन मेंटनेंस के तो कभी ग्रिड मेंटनेंस के मैसेज डालकर घंटो बिजली बंद रख रही है जिसके कारण आम जनता पसीना पसीना होकर परेशान होती रहती है। वही दूसरी ओर रात्रि के समय बिजली कटौती कर विद्युत कंपनी नागरिकों को रात में चेन की नींद भी नही सोने दे रही है।

नागरिकों का कहना है कि इस अघोषित बिजली कटौती से आमजन विशेषकर बच्चें व वृद्धजन सबसे अधिक परेशान हो रहे है। शुक्रवार रात्रि को भी बिजली बंद होने के दौरान युवा व सक्षम नागरिक तो घरों के बाहर बैठे रहे या अपने घरों की छत पर पहुंच गए लेकिन इस दौरान बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था वही वृद्धजन परेशान हो बिजली वाले को कोसते नजर आ रहे थे। इसी प्रकार शनिवार को दिन में भी कुछ क्षेत्रों में एक से दो घंटे बिजली गुल रही। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विद्युत वितरण कंपनी विद्युत लाइनों व ग्रिडों का लगातार मेंटनेंस कर रही है तो फिर प्रतिदिन कैसे फाल्ट हो रहे है, केबल जल रही है। इस भीषण गर्मी में हो रही इस अघोषित कटौती को लेकर नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है जोकि कभी भी कंपनी के खिलाफ फूट सकता है।

### आस्था और उत्साह के साथ किया गया श्रीराधेश्याम विहार कॉलोनी में गोपेश्वर महादेव को विराजमान



**सीहोर।** शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ स्थित श्रीराधेश्याम विहार कालोनी में करीब छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में आस्था और उत्साह के साथ श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री लघु रुद्र महायज्ञ का शुक्रवार को समापन किया गया। यहां पर एक दर्जन से अधिक विप्रजनों ने 21 हजार से अधिक मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ में यजमानों ने आहुतियां दी और उसके पश्चात मंदिर में गोपेश्वर महादेव को विराजमान किया गया। लगातार पांच दिनों तक नियमित रूप से सुबह और शाम नगर भोज का आयोजन किया गया था। इसमें करीब तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। शुक्रवार को अंतिम दिन कथा वाचक पंडित मोहित राम पाठक के मार्गदर्शन में यज्ञाचार्य पंडित सतीश तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, मुख्य यजमान संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में आस्थावान श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुतियां दी। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने बताया कि कालोनी में श्री शिव परिवार की स्थापना की गई है। इसमें शुक्रवार को मंत्रों के द्वारा दिव्य अनुष्ठान पूर्ण किया गया है और भगवान गोपेश्वर महादेव को स्थापित किया गया है। भगवान शिव गोकुल में गोपी का रूप बनाकर महारास में शामिल हुए थे। उस समय देवताओं ने फूलों की वर्षा की और भगवान कृष्ण ने महादेव का नाम गोपेश्वर रखा था तभी से गोपेश्वर महादेव गोकुल में विराजमान है। अब उनकी स्थापना श्री राधेश्याम विहार कालोनी में आस्था और उत्साह के साथ की गई है। विशाल कालोनी के मध्य में छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में बनाए गए मंदिर में रंग-बिरंगी रोशनी की गई है। पांच दिनों तक यहां पर चलने वाले महोत्सव की शुरूआत प्रायश्चित हेमाद्री स्नान, कलश यात्रा के साथ की गई और रात्रि को भजन संध्या और गणगौर नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## सीवन महिला घाट जगमगाएगा दीपों से और सजेगी रंगोली सीवन के तट पर

**सीहोर।** शनिवार को महिला घाट पर दीप महोत्सव के तहत दीप जलाएं सीवन पर कार्यक्रम महिला घाट के पर रखा गया है, शाम 6.30 बजे दीप प्रज्वलित किए जाएंगे, महिला घाट के दोनों तरफ दीप जलाए जाएंगे, सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया है कि समय समय पर सीवन के प्रति जागरूकता और भावनात्मक रिश्ता स्थापित करने हेतु कार्यक्रम निरंतर हो रहे हैं ताकि लोगों का रुझान सीवन के प्रति बढ़े।

इसी कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया है, जिसमें सीवन रंगीली सीवन के तट पर बनाई जाएगी । तीन श्रेष्ठ रंगोलियों को ट्रॉफियों से पुरस्कृत किया जाएगा साथ ही तीन अन्य को मेडल प्रदान किए जाएंगे ।

संत समाज एवं सीवन पुत्र / पुत्री टीम ने शहर वासियों से निवेदन किया है कि शनिवार को महिला घाट पहुंचे दीपक-बाती एवं तेल लेकर एवं मां सीवन को दीपों से जगमग करें। निवेदन करने वालों में यश शर्मा, मुकेश राय प्रकाश यादव, शील राय, कैलाश चौहान, वैभव राठौर, कनीराम मालवीय, जगदीश वर्मा, अश्विन नामदेव, महिपाल जैन, लक्ष्मण सिंह चौक, आशिक खत्री, सुमित ताम्रकार, सादुल डाबी, नितेश जायसवाल, धर्मेंद्र खत्री, रवि माहेश्वरी, विनीत गोयल, विनीत टोरिया, देवेश सिसोदिया, जे के माहेश्वरी, राहुल सिसोदिया, राहुल चावड़ा, क्षितिज दुबे, विनोद यादव, अथर्व चावड़ा, दीपक दलोदिया, लोकेश सोनी, सुधीर सोनी, लोकेश सोनी, शैलेंद्र भावसार, उमेश चावड़ा, जितेंद्र कौशल, विल्सन जैन, अमित खेड़ले, राकेश शर्मा, सुरेश भगत अशोक नामदेव, सिमरन शर्मा, सीमा जोशी, सोनिया राय सोनिया सोनी ज्योति चावड़ा, शिवानी चावड़ा कविता यादव, माही व्यास, कीर्ति गोस्वामी आदि शामिल हैं।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर बोले : समाज तय करे अनावरण की तारीख

# आंबेडकर उपवन में स्थापित होगी बाबा साहब की प्रतिमा, सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के अम्बेडकर उपवन में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण जल्द ही किया जाएगा। शुक्रवार को अहिरवार समाज संघ के पदाधिकारियों ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर से उनके निवास पर मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। मुलाकात के दौरान नपाध्यक्ष ने समाज को आश्वस्त किया कि प्रतिमा नगर पालिका द्वारा मंगवा ली गई है और समाज की सहमति से जल्द ही भव्य कार्यक्रम के साथ इसका अनावरण किया जाएगा।

अहिरवार समाज संघ के प्रदेश सचिव विनोद कुमार बड़ोदिया ने मांग पत्र के माध्यम से बताया कि पिछले वर्ष नगरपालिका द्वारा अम्बेडकर उपवन का अनावरण किया गया था, जहां बाबा साहेब की तस्वीर लगाई गई थी। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार उस तस्वीर को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। समाज ने मांग की है कि उपवन का सौंदर्यीकरण कराया जाए और वहां सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, ताकि बाबा साहेब की प्रतिमा और उपवन की गरिमा सुरक्षित रहे।



**नपाध्यक्ष ने कहा, समाज तय करे अनावरण की तारीख**

सचिव बड़ोदिया ने बताया कि मुलाकात के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बाबा साहेब के विचारों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका बाबा साहेब के उपवन को एक आदर्श स्थल के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से कहा बाबा साहेब की प्रतिमा आ चुकी है। आप समाज के अधिक से अधिक लोगों से चर्चा कर अनावरण की एक तिथि तय कर लें, उसी दिन भव्य रूप से प्रतिमा स्थापित कर दी जाएगी। नपाध्यक्ष के इस सकारात्मक रुख पर समाज के लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अहिरवार समाज संघ के प्रदेश सचिव विनोद बड़ोदिया, जिला पदाधिकारी राजेश कुमार अहिरवार, रविशंकर अहिरवार, अमनसिंह नरवरिया, मंसाराम, नर्मदा प्रसाद, रामसिंह अहिरवार सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ब्लड सेंटर जिला अस्पताल पहुंचकर अरुणा राय ने किया रक्तदान



**सीहोर।** अरुणा सुदेश राय ने अपना खून देकर शुक्रवार को थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चे के जीवन को बचा लिया। समाजसेविका अरुणा सुदेश राय ने जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर पहुंचकर रक्तदान किया। थैलेसीमिया एक गंभीर अनुवांशिक खून की बीमारी है जिसमें रोगी को जीवन बचाने के लिए हमेशा खून की जरूरत होती है। समाजसेवी अरुणा सुदेश राय ने थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित बच्चे को अपना खून देकर नया जीवनदान दिया। थैलेसीमिया विश्व दिवस पर जिला चिकित्सालय सीहोर के द्वारा ब्लड सेंटर में जरूरतमंद थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चे की गंभीर अवस्था की जानकारी मिलते ही समाज सेविका अरुणा सुदेश राय ने शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदान के उपरांत श्रीमती राय ने कहा कि थैलेसीमिया खतरनाक बीमारी है समय पर रक्त नहीं मिलने से पीड़ित की मृत्यु भी हो जाती है इसलिए हमें मानवीयता के आधार पर थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित रोगियों के लिए अधिक से अधिक संख्या में अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एके श्रीवास्तव ने भी रक्तदान किया शिविर के दौरान ब्लड सेंटर के अंबर मालवीय सहित स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अधिकारी कर्मचारी नर्स और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आज कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा महारुद्र यज्ञ व भागवत कथा




**चापडा।** ग्राम नयापुरा में ग्रामीणों के सहयोग से नवगृह शनि मंदिर का निर्माण किया गया है, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जानकारी अनुसार श्री शनि नवगृह भूतेश्वर महादेव अचल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव नव कुणात्मक महारुद्र यज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन होगा। 10 मई से कार्यक्रम प्रारंभ होगा जो की 16 मई तक चलेगा। महारुद्र यज्ञ यज्ञाआचार्य संजय शर्मा के सानिध्य में संपन्न होगा जिसके मुख्य यजमान रमेश चंद्र सनाया रहेंगे। साथ ही कथावाचक पंडित गोविंद जाने के मुखारविंद से सात दिवसीय संगीत मय भागवत कथा का वाचन किया जाएगा, कथा के मुख्य यजमान राधेश्याम कंठली रहेंगे। 10 मई को गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ होगा। साथ ही रात्रि कालीन कार्यक्रम व मेला भी आयोजित होगा।

### उधार न देने पर पेट्रोल फेंककर लगाई आग

**देवास।** ग्राम तालोद स्थित एक किराना स्टोर में गुरुवार शाम करीब 6 बजे तीन आरोपियों ने पेट्रोल फेंककर आग लगा दी। इस घटना में दुकानदार फूलसिंह सिसोदिया और उनका भतीजा गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने फरियादी के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने फरियादी के बयान पर मामला दर्ज किया है। घायलों का एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है।सोनकच्छ थाना प्रभारी अजय सिंह गुर्जर ने बताया कि तीनों आरोपी गोविंद, कृष्णपाल और आदर्श के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

### लोक अदालत में 607 मामलों का निराकरण, 30 टूटते परिवार फिर हुए एक

# लोक अदालत में रिश्तों की जीत, विवाद सुलझे और घर लौटे खुशहाल परिवार

उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जितेन्द्र सिंह कुशवाह ने 80 प्रकरणों का किया निराकरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को देवास जिले के समस्त न्यायालयों में वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत विवादों के निराकरण का सरल, सुलभ और प्रभावी माध्यम है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा कराने का आह्वान किया।

शुभारंभ कार्यक्रम में विकास शर्मा, विशेष न्यायाधीश, जितेन्द्र सिंह कुशवाह, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह बहरावत चतुर्थ जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत कंपनी एवं बैंक के अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसेल स्टॉफ, लोक अभियोजन अधिकारीगण, अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

### परिवार न्यायालय ने रचा रिकॉर्ड

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के तत्वावधान में आयोजित लोक अदालत में परिवार न्यायालय ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जितेन्द्र सिंह कुशवाह ने एक ही बैठक में 80 प्रकरणों का निराकरण किया। इनमें से 30 दंपत्ति आपसी सहमति से साथ रहने को तैयार हुए और खुशियों के साथ घर लौटे। यह परिवार न्यायालय देवास के इतिहास में किसी एक लोक अदालत में निराकृत मामलों की सर्वाधिक संख्या रही। पारिवारिक विवादों के समाधान के दौरान कई भावुक दृश्य भी देखने को मिले। कहीं नाराजगी खत्म हुई तो कहीं अहंकार टूटा। कई दंपत्तियों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए पुराने मतभेद भुलाकर रिश्तों को नया मौका दिया। कई जोड़ों ने न्यायालय परिसर में ही एक-दूसरे को पुष्पहार पहनाकर नई शुरुआत की।

### करोड़ों रुपए के मामलों का निराकरण

नेशनल लोक अदालत के लिए देवास जिला मुख्यालय सहित सोनकच्छ, कन्नौद, खातेगांव, टोंकखुर्द और बागली में कुल 34 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया। इनमें सिविल, आपराधिक, चैक बाउंस, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, बीएसएनएल एवं अन्य प्रकरणों का निराकरण किया गया। लोक अदालत में कुल 607 लंबित प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिनमें लगभग 4 करोड़ 19 लाख 64 हजार 592 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। इसके अलावा 271 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया गया, जिनमें 48 लाख 26 हजार 284 रुपए के अवार्ड पारित हुए। 11 मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरणों में 70 लाख 5 हजार रुपए तथा 87 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट मामलों में लगभग 1 करोड़ 64 लाख रुपए के समझौते हुए। वहीं 19 सिविल मामलों में 55 लाख 35 हजार 150 रुपए की राशि पर सहमति बनी। शनिवार को आयोजित हुई लोकअदालत से कई लोग खुशी खुशी घर लौटे।

#### प्रकरणों की जानकारी

- 172 आपराधिक प्रकरण
- 87 चेक बाउंस प्रकरण
- 139 विद्युत प्रकरण
- 68 पारिवारिक मामले
- 19 सिविल प्रकरण
- 11 मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण
- 8 श्रम मामले
- 103 विविध



# कमलापुर पुलिस की कार्रवाईः अपहृत नाबालिग बालिका सुरक्षित बरामद

### पुलिस ने दो आरोपी किए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कमलापुर पुलिस ने पांच दिनों से लापता नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई। मामले में बालिका का अपहरण करने वाले आरोपी सहित एक अन्य मारपीट एवं जबरन वसूली के आरोपी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि फरियादी ने 4 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग भांजी को 3 अप्रैल की रात ग्राम सामगी स्थित घर से कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। प्रकरण दर्ज होने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने लगातार तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने बालिका को मक्सी जिला शाजापुर क्षेत्र से सुरक्षित बरामद किया। पुलिस पूछताछ एवं न्यायालय के समक्ष दिए गए कथनों के आधार पर आरोपी दीपक पिता दिनेश द्विवेदी निवासी चुरहट जिला सीधी, हाल मुकाम दूधिया इंदौर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी पहचान बालिका से कंपनी में काम करने के दौरान हुई थी और वह शादी करने के उद्देश्य से उसे अपने साथ ले गया था।पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी कर नाबालिग बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक राजेंद्र शर्मा, सचिन कश्यप, रायचंद झोड़िया, सचिन चौहान (साइबर सेल देवास), महिला आरक्षक वंदना प्रजापति, सैनिक विष्णु प्रसाद सोनी एवं सैनिक किशोर की सराहनीय भूमिका रही।

# बागली में निर्माणाधीन राजस्व भवन की जांच में जिला टीम को मिली कई अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बागली मुख्यालय पर करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन राजस्व भवन के कार्य में कथित गुणवत्ता संबंधी गंभीर अनियमितताओं को लेकर गुरुवार को जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में घटिया सामग्री और जंग लगे सरियों के उपयोग जैसी खामियां सामने आईं।जानकारी अनुसार भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर अभिभाषक संघ बागली के सदस्यों ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह को शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय निरीक्षण टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। टीम ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर पिलरों, निर्माण सामग्री और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की।निरीक्षण के दौरान इंजीनियरिंग टीम ने हथौड़े से पिलरों की मजबूती भी जांची। बताया जा रहा है कि कुछ पिलर अपेक्षाकृत कमजोर पाए गए और आसानी से टूटते नजर आए। टीम ने मौके से निर्माण सामग्री के नमूने और तकनीकी जानकारी एकत्र कर जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपने की बात कही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों में निर्माण कार्य को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि मुख्यालय स्तर पर बनने वाले सरकारी भवन में इस प्रकार की लापरवाही सामने आ रही है, तो दूरस्थ क्षेत्रों में होने वाले निर्माण कार्यों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। वहीं बाजार क्षेत्र में ठेकेदार को संरक्षण मिलने जैसी चर्चाएं भी चल रही हैं।निरीक्षण के दौरान अभिभाषक संघ के सदस्य और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# कांटाफोड़ में बारात से चोरी हुए लाखों के जेवर 48 घंटे में बरामद, ऑपरेशन त्रिनेत्रम ने निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



पुलिस के "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरे लगातार अपराधों के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना कांटाफोड़ पुलिस ने एक चोरी की वारदात का महज 48 घंटे में खुलासा करते हुए महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लाखों रुपये के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। जानकारी अनुसार 06 मई को फरियादिया अपने भांजे आयुष राठौर की बारात में शामिल होने कांटाफोड़ आई थीं। विवाह कार्यक्रम "द सुजान पब्लिक स्कूल" में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उन्होंने अपने गले का सोने का हार एवं कानों के दो जोड़ी सोने के झुमके पर्स में रख दिए थे, जिन्हें किसी अज्ञात महिला द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले की रिपोर्ट थाना कांटाफोड़ में दर्ज होने के बाद एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिनमें एक संदिग्ध महिला दिखाई दी। महिला का स्पष्ट चेहरा सामने आने पर उसकी फोटो एवं वीडियो सामुदायिक पुलिसिंग के तहत संचालित व्हाट्सएप समूहों में साझा किए गए। स्थानीय लोगों की मदद से महिला की पहचान कर उसे पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में महिला ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए 06.05 तोला सोने के आभूषण, जिनमें एक सोने का हार एवं दो जोड़ी झुमके शामिल हैं, साथ ही 4,640 नगद बरामद किए। जब्त मशरुका की कुल अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख बताई जा रही है।सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी कांटाफोड़ उनि मलखानसिंह भाटी, उनि विनय सिंह बघेल, प्रआर यतीश तिवारी, मआर रेखा बडोले एवं थाना सतवास के प्रआर गणेश रावत की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

### जल गंगा संवर्धन अभियान को मिली रफ्तार, सीईओ शर्मा ने कार्यों का निरीक्षण किया

# जनभागीदारी से जल संरक्षण, बरोठा में जल रिचार्ज की तैयारी






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में संचालित "जल गंगा संवर्धन" एवं "जल संचय जनभागीदारी अभियान" को गति देने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने जनपद पंचायत देवास अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोठा सहित विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ शर्मा ने पीर बड़ला गौशाला के समीप पहाड़ी क्षेत्र में बनाए जा रहे 550 कंटूर ट्रेंच कार्य का अवलोकन किया। अधिकारियों के अनुसार इन ट्रेंचों के माध्यम से प्रतिवर्ष वर्षा जल का लगभग 18 लाख लीटर भू-जल स्तर में रिचार्ज हो सकेगा, जिससे क्षेत्र में जल संकट कम होने के साथ भविष्य के लिए जल संग्रहण को मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सीईओ शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासकीय दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने जनभागीदारी के माध्यम से नई जल संरचनाएं विकसित करने और पुरानी संरचनाओं के पुनरुद्धार के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को सामूहिक "जल शपथ" भी दिलाई गई। सीईओ शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत शहरों और गांवों में ऐसी संरचनाएं विकसित की जा रही हैं, जिनसे वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके तथा मिट्टी के कटाव को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि बरोठा की पहाड़ी का चयन उसके उपयुक्त ढाल क्षेत्र (स्लोप) को देखते हुए किया गया है, जहां जनसहयोग से 500 से अधिक कंटूर ट्रेंच बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंटूर ट्रेंच पारंपरिक जल संरक्षण पद्धति है, जो वर्षा जल को रोकने, भूमि की नमी बनाए रखने तथा मृदा संरक्षण में प्रभावी सिद्ध होती है। इससे पौधों एवं फसलों की वृद्धि के लिए भी अनुकूल वातावरण तैयार होता है। अभियान के तहत खेत तालाब, बोरी बंधान, मेड़ बंधान एवं डगवेल रिचार्ज जैसी संरचनाओं के माध्यम से भी जल संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। शर्मा ने बताया कि मोरखेड़ी क्षेत्र में भी 350 कंटूर ट्रेंच बनाए गए हैं तथा जिले में बड़े स्तर पर इस मॉडल को लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आमजन की सहभागिता से ही जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया जा सकता है। भ्रमण के दौरान उन्होंने पीर बड़ला स्थित गौशाला का निरीक्षण कर उसे आदर्श गौशाला के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही गौशाला परिसर में जल संचयन एवं पर्यावरण सुधार संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके पश्चात सीईओ शर्मा ने ग्राम पंचायत पर्वतपुरा एवं सिरोलिया पहुंचकर "जल गंगा संवर्धन अभियान" अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर, खेत तालाब तथा डगवेल रिचार्ज जैसी संरचनाओं का अवलोकन किया और कार्यों में आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बरोठा के सरपंच रोहित नागर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत परियोजना अधिकारी, जिला समन्वयक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने किया वार्ड 19 और 20 का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वार्ड 19 एवं 20 का आयुक्त दलीप कुमार ने निरीक्षण किया। आईटीआई चौराहा पर फव्वारे को भी देखा तथा उसमे सुधार करने हेतु कहा। वहीं आईटीआई कालेज के पास पान की गुमटी व ठेले हटाने के साथ ही आयुक्त द्वारा शासकीय व अशासकीय स्कुलों के आसपास 2 सौ मीटर की दूरी पर तंबाकु आदि का विक्रय करने पर तंबाकु नियंत्रण अधिनियम 2003 (कोटपा) के अन्तर्गत चालानी कार्रवाई करने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार को दिए तथा रोड स्वीपींग तथा खुले स्थानों पर कचरा पाये जाने पर दरोगा को सफाई करवाने हेतु कहा। वार्ड 19 में नाले पर दोनो ओर जाली लगाने के निर्देश दिए तथा वार्ड में स्थित गार्डन को भी देखा तथा आसपास पडे सीएनडी वेस्ट को हटाने हेतु कहा। स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को सर्वेक्षण के तहत सभी तैयारियों पर फोकस करने हेतु निर्देश दिए। आयुक्त ने सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय, मुत्रालयों की सफाई प्रतिदिन करवाने के साथ ही वार्डो की नाला, नालियों की सफाई करने तथा नाला, नाली से निकलने वाली गाद को भी निगम के संसाधनों से तत्काल उठवाये जाने के निर्देश संबंधितों को दिए।

## खबर संक्षेप

### ई-रिक्शा डीलरशिप के नाम पर लाखों की ठगी

**ललितपुर।** जनपद में ई-रिक्शा डीलरशिप दिलाने और फाइनेंस कोड खुलवाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यवसायी की शिकायत और न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दिल्ली की एक निजी कंपनी के डायरेक्टर और मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना, आपराधिक साजिश और धमकी सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सागर रोड मवेशी बाजार निवासी आलोक कुमार पुत्र आल्हा प्रसाद ने बताया कि वह मेसर्स आलोक मोटर्स के नाम से ई-रिक्शा बिक्री का कारोबार करते हैं। उन्होंने ठुकराल इलेक्ट्रिक बाइक प्रा. लि. से डीलरशिप ली थी। आरोप है कि कंपनी के डायरेक्टर जितेंद्र ठुकराल ने ई-रिक्शा फाइनेंस के लिए कोड खुलवाने का भरोसा देकर पीड़ित से छह ब्लैंक चेक हस्ताक्षर करवाकर मंगवाए। बताया गया कि कंपनी के मैनेजर अरुण मिश्रा स्वयं ललितपुर आकर चेक लेकर गए थे। पीड़ित का आरोप है कि कंपनी को पूरा भुगतान किए जाने के बावजूद आरोपियों ने आपस में साजिश कर अमानत के तौर पर दिए गए चेकों का दुरुपयोग किया। आरोपियों ने एक चेक में 1,02,666 रुपये भरकर खाते से रकम निकाल ली, जबकि दूसरे चेक के जरिए 84,931 रुपये निकालने का प्रयास किया गया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया और कानूनी नोटिस भेजा, तो आरोपियों ने अन्य चेकों में भी मनमानी रकम भरकर बैंक में प्रस्तुत कर दिए और मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर मानसिक दबाव बनाने लगे। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी जितेंद्र ठुकराल और अरुण मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रेलवे स्टेशन के बाहर से बाइक चोरी

**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम टीला निवासी राजकुमार शनिवार सुबह अपने पुत्र नीरज को ट्रेन में बैठाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। बताया गया कि उन्होंने अपनी ग्रे रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल स्टेशन परिसर के बाहर एटीएम के पास खड़ी कर दी और प्लेटफॉर्म की ओर चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल निर्धारित स्थान से गायब मिली। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका।

### नशे में युवक ने बाराती को लाठियों से पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बैरवारा में बारात के दौरान मारपीट और हंगामे का मामला सामने आया है। शराब के नशे में धुत एक युवक ने मामूली बात पर बाराती के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठियों से हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजू अहिरवार पुत्र रामदास अहिरवार ने तहरीर देकर बताया कि वह 8 मई 2026 की रात करीब 1 बजे ग्राम बैरवारा में कमलेश के यहां बारात में शामिल होने गया था। इसी दौरान गांव निवासी अमन अहिरवार पुत्र अम्भीर अहिरवार शराब के नशे में वहां पहुंचा और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित के अनुसार, जब उसने विरोध किया तो आरोपी अमन ने तैश में आकर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं।

### बाइक की टक्कर से युवक के 10 दांत टूटे

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत रजवारा-पनारी मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि घायल के मुंह के 10 दांत टूट गए, जबकि कंधे की हडडी भी टूट गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महरौनी के ग्राम सिंदवाहा निवासी प्रतिपाल सिंह पुत्र इंदर सिंह ने तहरीर देकर बताया कि 21 अप्रैल की शाम की घटना है।

## मातृ मृत्यु दर कम करने को जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की

# हाई रिस्क गर्भवतियों की निगरानी पर जोर, 5 वर्षों में मातृ मृत्यु दर में कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिलाधिकारी सभागार में हाई रिस्क गर्भवतियों की पहचान, निगरानी और बेहतर प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता सीडीओ शेषनाथ चौहान ने की। बैठक का उद्देश्य जनपद में मातृ मृत्यु दर को कम करना और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। बैठक में प्रभारी सीएमओ डा.अमित तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में मातृ मृत्यु दर में कमी आई है, लेकिन इसे और बेहतर करने के लिए सतत प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सभी हाई रिस्क गर्भवतियों की समय पर जांच और सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ शेषनाथ चौहान ने निर्देश दिए कि प्रत्येक हाई रिस्क गर्भवती महिला की कम से कम तीन अतिरिक्त एएनसी जांच प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवसों में कराई जाए। बैठक में डा.अमित तिवारी ने कहा कि सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों का प्रसव एफआरयू स्तर के अस्पतालों में कराया जाए, जहां ब्लड बैंक और अन्य आपात सुविधाएं उपलब्ध हों। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि एएनएम और सीएचओ के लिए हाई रिस्क गर्भवतियों की पहचान और दस्तावेजीकरण को लेकर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। वहीं मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता रविशंकर झा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रत्येक गर्भवती महिला के लिए विशेष बर्थ प्लान तैयार करने की जानकारी दी। बैठक में नीरज, डा.वीरेन्द्र सिंह, रजिया फिरोज, विभिन्न ब्लॉकों से आए चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर विद्यालय में वीरता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया

## महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




ब्लॉक बिरधा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तेरा में मेवाड़ के महान योद्धा एवं राष्ट्रभक्त महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष, त्याग और राष्ट्रभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। भगवत सिंह बैंस ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे वीर योद्धा थे, जिन्होंने मातृभूमि, धर्म और स्वाभिमान की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनका त्याग और बलिदान आज भी देशवासियों को प्रेरणा देता है। प्रिया दुबे ने कहा कि महाराणा प्रताप का अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम और आत्मसम्मान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बच्चों को महाराणा प्रताप जैसा साहसी, निडर और देशभक्त बनने का संदेश दिया। अरविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और देशभक्ति का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में बच्चों और ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रिया दुबे, भगवत सिंह बैंस, प्रियांशी जैन, अंजली नायक, रीतेश यादव, अरविंद सिंह, शिवनारायण शर्मा, रानी ठाकुर, हरवाई, संतोष सिंह, सरमन लाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

# पं. श्याम बिहारी मिश्रा की 88वीं जयंती सेवा समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई




**ललितपुर।** देश के करोड़ों व्यापारियों के प्रेरणास्रोत एवं पूर्व सांसद पं.श्याम बिहारी मिश्रा की 88वीं जन्म जयंती शनिवार को जिला चिकित्सालय स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में सेवा समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गरीबों, जरूरतमंदों एवं अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को निःशुल्क भोजन कराकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना के साथ हुई, जिसके बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पं.श्याम बिहारी मिश्रा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और व्यापारी समाज के लिए किए गए संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। महेंद्र जैन मयूर ने कहा कि पं.श्याम बिहारी मिश्रा ने लगभग पांच दशक तक व्यापारी समाज के अधिकारों के लिए संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष किया। उन्होंने व्यापारी समाज के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए कई आंदोलनों का नेतृत्व किया तथा अनेक बार जेल भी गए।

उन्होंने कहा कि पंडितजी का योगदान देश का व्यापारी समाज कभी नहीं भूल पाएगा। जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में व्यापारी समाज के लिए पं.श्याम बिहारी मिश्रा जैसा व्यक्तित्व विरले ही देखने को मिलता है। वहीं नगर अध्यक्ष महेश जैन मोनू ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारी समाज के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनका सामना संगठन की एकजुटता से ही किया जा सकता है। कार्यक्रम में अशोक जैन अनौरा, डा.प्रीतम सराफ, अभय जैन, अरविंद जैन बरौदा, अवध बिहारी उपाध्याय, मज्जू सोनी, अंकित सतभैया, अजय जैन देवगढ़, रिक्की, उदयभान सिंह यादव, आलोक जैन मयूर, आनंद जैन, अवनीश जैन, राजीव सुडेले, विनोद जैन बिनी, शुभम जैन पिंटू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण महामंडल ने कहा, जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया

# कालपी सड़क हादसे के पीड़ितों के लिए मदद की मांग, डीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अयोध्या धाम से दर्शन कर लौट रहे महरौनी के एक ही परिवार के सदस्यों की सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मृत्यु के बाद अब उनके आश्रितों को सरकारी मदद दिलाने की मांग तेज हो गई है। शुक्रवार को ब्राह्मण महामण्डल ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता और मृतक की मेधावी पुत्री को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि बीते 4 मई को जालौन के कालपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर एक अज्ञात डम्पर चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टवेरा को टक्कर मार दी थी। इस भीषण दुर्घटना में महरौनी निवासी बृजभूषण तिवारी, स्वामी प्रसाद, मनोज, कृष्णकान्त, शशिकान्त, अंशुल, दीपक, उमेश और देशराज की असामयिक मृत्यु हो गई थी। ये सभी मृतक एक ही परिवार से संबंधित थे और आर्थिक रूप से कमजोर थे। महामण्डल जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पटैरिया और महामंत्री परमानन्द तिवारी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि मृतक बृजभूषण तिवारी की पुत्री कु.वैष्णवी ने हाल ही में इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद में टॉप कर जिले का नाम रोशन किया है। पिता के निधन के बाद अब परिवार के सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पीड़ित परिवार को शासन स्तर से तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। बिना पिता के हो चुकी मेधावी छात्रा वैष्णवी को योग्यता के अनुसार किसी विभाग में सरकारी नौकरी दी जाए ताकि परिवार को भुखमरी से बचाया जा सके। परिवार में मौजूद एक दिव्यांग/बीमार बच्ची की देखभाल के लिए विशेष मदद सुनिश्चित की जाए। ब्राह्मण महामण्डल ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा जनपद इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष अशोक कुमार पटैरिया, महामंत्री परमानन्द तिवारी, मदन मोहन शर्मा, विनोद भौंड़ेले, वरिष्ठ पत्रकार पं.दिनेश कुमार संज्ञा, प्रदीप रिछारिया, डा.एस.पी.पाठक, पवन संज्ञा, शिवनारायण संज्ञा, पूर्व कार्यालय अधीक्षक नपा रमाकान्त तिवारी, अरविन्द कुमार, संतोष शर्मा, स्वामी प्रसाद, सिद्धार्थ शर्मा, अनिल शुक्ला, बृजमोहन शर्मा, चंद्रशेखर दुबे, रामदास श्रोती, रविनारायण चौबे एड. के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## महरौनी में स्वागत किया गया

# राष्ट्रवादी संकल्प पार्टी की अध्यक्ष ने पार्टी की मजबूती पर बल दिया



### पार्टी का विस्तार बड़े स्तर पर कार्यकर्ता की मेहनत के कारण आगे है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ावरा (ललितपुर)

महरौनी में राष्ट्रवादी संकल्प पार्टी की अध्यक्षता विमलेश सिंह परिहार झांसी एवं राष्ट्रवादी संकल्प पार्टी के संस्थापक हरि प्रकाश सिंह खंगार, राष्ट्रीय महासचिव कृपाल सिंह, दिल्ली प्रदेश सचिव मातादीन, प्रदेश सचिव अमित सिंह, उरई जालौन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेन्द्र कुमार झा के नगर महरौनी में आगमन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पार्टी की मजबूती पर जोर दिया। कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ है। आज पार्टी का विस्तार बड़े स्तर पर कार्यकर्ता की मेहनत के कारण आगे है। खंगार समाज के साथ साथ सभी समुदाय के लोगों के सहयोग से पार्टी मजबूती के साथ खड़ी है। इस दौरान महेंद्र कुमार रायकवार, अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुनील कुमार, जिला सचिव झांसी अखिलेश परिहार, प्रदेश सचिव एवं प्रत्याशी बबीना झांसी की कुमारी खुशी राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान क्षत्रिय ठाकुर भानसिंह खंगार राष्ट्रीय संरक्षक, ठाकुर छत्रसाल सिंह खंगार (प्रदेश अध्यक्ष), प्रदेश सचिव तेजसिंह खंगार, धौरपुरा अर्जुन सिंह खंगार, युवा जिला उपाध्यक्ष दुष्यन्त सिंह खंगार युवा नगर अध्यक्ष, महरौनी महिला जिलाध्यक्ष शशी खंगार, महिला जिला उपाअध्यक्ष पेरादेवी खंगार, श्रीराम परिहार, सरमनलाल खंगार, जीवन सिंह, सुरेशचन्द जैन परिहार, लखनसिंह परिहार, लक्ष्मीनारायण तिवारी, नारायणदास सोनी, दिनेश सिंह खंगार, रामचरण पाल, भईयन खंगार प्रधान छपरट, जगदीश खंगार बानपुर, रमेश खंगार तलऊ, देवव्रत खंगार बलदेवगढ़, पारस जेन, नीरज कुशवाहा, एस.साहू, प्रवेश सेन, सत्येन्द्र परिहार, भुल्लन खंगार, जगननाथ परिहार तलऊ, छोटू, अनुज, मुकेश परिहार, नीलेश अहिरवार, अखिलेश सोनी महरौनी, आबिद हुसैन, महरौनी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक भान सिंह परिहार महरौनी द्वारा किया गया।

# शहीद रेल कर्मियों को श्रद्धांजलि दी



**ललितपुर।** शहीद दिवस के अवसर पर स्थानीय शाखा कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष शांतनु पुरोहित की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेल कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई में शहीद हुए रेल कामगार साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों ने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को नमन किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शहीद रेल कामगारों के संघर्ष, त्याग और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेल कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई में शहीद हुए साथियों का योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयुक्त शाखा सचिव सचिन यादव, शाखा कोषाध्यक्ष सुभाष यादव, शाखा उपाध्यक्ष पूरनलाल एवं कैलाश नारायण, सहायक शाखा सचिव प्रेमचंद मीणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र पाल, जितेंद्र नामदेव, रुपेश यादव, रिपुसूदन प्रसाद, सारांश दुबे, राहुल रजक, सुरेंद्र कुमार, मोहम्मद मुजीब खान, शिवशंकर सैनी, हरिमोहन वैद्य, दिनेश राजपूत, नितिन मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन शाखा सचिव सागर अग्निहोत्री ने किया।

## समिति की बैठक निर्णय लिया गया

# बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति मदर्स डे पर माताओं का आज सम्मान करेगी

**ललितपुर।** बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति की बैठक समिति की अध्यक्षा गुलाबबाई सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 मई रविवार को मदर्स डे के अवसर पर मातृत्व दिवस कार्यक्रम का आयोजन होटल दा ग्राण्ड सिद्धि में दोपहर 1 बजे से सायं 6 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में माताओं का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। समिति की सचिव गीता सेन ने बताया कि मातृत्व दिवस माताओं के प्रेम, त्याग और योगदान को सम्मान देने का विशेष अवसर है। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ से समाजसेविका कंचन हरिश्चंद्र उपस्थित रहेंगी। जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपिका सिंह कानपुर, निशा वर्मा इटावा, रंजना गुप्ता सुल्तानपुर, मधुलता राही पूर्व प्रधानाचार्य जीजीआईसी तालबेहट, सुनन्दा वर्मा ललितपुर, अंजुली शुक्ला कन्नौज, जया मिश्रा राही झांसी, संगीता वर्मा झांसी, शकुन भारती झांसी, पूजा भारती झांसी, रजनी राजपूत चंद्रवारी राठ हमीरपुर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिरधा सूरजरानी निरंजन, पूर्व ब्लाक प्रमुख महेबा इटावा मनीषा सविता शामिल होंगी। बैठक में अध्यक्ष गुलाबबाई सेन, उपाध्यक्ष रामदेव सेन, सचिव गीता सेन, कोषाध्यक्ष सुमन सेन, ऑडीटर डोली सेन, सदस्य प्रियंका सेन, सदस्य प्राची सेन, सुशीला राजपूत, सोमवती याज्ञिक, वर्षा कुशवाहा, रामदेवी निरंजन, रानी पंथ, नीलम जैन, सुमन जैन, सुमन प्रजापति, ममता पाल, पिस्ता वर्मा, रचना राजपूत, कमला साहू, राजकुमारी सिंह आदि मौजूद रहीं।

## पक्षियों के संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया गया

# तखत ग्रुप की मुहिम जारी, सातवें दिन घर-घर बांटे जलपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने और उनके संरक्षण के उद्देश्य से तखत ग्रुप की ओर से चलाया जा रहा जलपात्र वितरण अभियान शनिवार को सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान शहर के मोहल्ले चौबयाना में घर-घर पहुंचकर गौरैया सहित अन्य पक्षियों के लिए मिट्टी के जलपात्र वितरित किए गए।

चौबयाना में यह अभियान आशीष चौबे लंबरदार के नेतृत्व में चलाया गया। तखत ग्रुप के सदस्य ई-रिक्शा में 350 से अधिक मिट्टी के जलपात्र लेकर मोहल्ले पहुंचे। पक्षी आए तो आए तेरे द्वार, पिला दो पानी बर्तन में जैसे प्रेरणादायक संदेश के साथ सदस्यों ने लोगों से सुबह-शाम पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील की। अभियान के दौरान छोटे बच्चों को टॉफियां वितरित कर उन्हें भी पक्षियों के संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया गया। इस मानवीय पहल को लेकर मोहल्लेवासियों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने तखत ग्रुप की इस मुहिम की सराहना की। कार्यक्रम में आशीष चौबे लंबरदार, अशोक अनौरा, सतेन्द्र प्रताप सिंह सिसोदिया, मज्जू सोनी, विद्या मालवीय, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, राजीव चौबे बुढ़वार, रिंकू बबेले, सुमेर जैन, बृजेश लाला, पप्पू पटवा, सुदामा मिश्रा, जितेन्द्र गोस्वामी गप्पू, मकरंद किलेदार विक्की, रामकोटि तिवारी, मनीष पटाखा, मिंटू सिंघई, जगदीश सोनी, विजय शर्मा कुक्कन, नीलेश तिवारी, अमित तिवारी, गोल्डी चौबे तथा अमित लखेरा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। तखत ग्रुप की यह मुहिम शहर में मानवीय संवेदनाओं को जागृत करने के साथ-साथ पक्षियों के संरक्षण का संदेश भी दे रही है।

# अंधेकत्ल का खुलासा, पुरानी रंजिश में दी थी मौत, चंद घंटे में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा जिले में घटित गंभीर अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ श्रीमति मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मलावर उप निरीक्षक रजनेश सिरोठिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

फरियादी रामप्रसाद वाल्मिकी पिता मुंशीलाल वाल्मिकी निवासी मलावर द्वारा 29 अप्रैल को थाना उपस्थित होकर अपने पुत्र गोलू वाल्मिकी के अचानक लापता हो जाने की सूचना दी गई। जिसमें बताया कि उसका पुत्र घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा, जिस पर थाना मलावर में गुम इंसान क्रमांक 13/26 कायम कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही रघुवीर सिंह पिता लालजीराम सौंधिया की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पुलिस द्वारा संदेही से सख्ती एवं वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई, जिसमें



आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते गोलू वाल्मिकी की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि उसने दिनांक 29.04.2026 को दोपहर लगभग 01 बजे कमल दांगी के खेत के पास स्थित अरन्या नाले में गमछे से गला दबाकर हत्या कर शव को छिपा दिया था।

### पुलिस तलाशी अभियान चलाकर की कार्रवाई

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया गया, जहां अरन्या नाले से मानव कंकाल बरामद किया गया। मृतक की पहचान उसके पिता द्वारा पहने हुए कपड़ों के आधार पर की गई। इस पर थाना मलावर में 'मर्ग क्रमांक 06"26 धारा 194 बीएनएसएस' कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच के दौरान मामला हत्या का पाए जाने पर थाना मलावर में धारा 103(1) बीएनएस एवं 3(2)(अ) एससी"एसटी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रघुवीर सिंह सौंधिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय राजगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मलावर उनि रजनेश सिरोठिया, प्र.आर. श्रीकांत शुक्ला, प्र.आर. संजय भार्गव, प्र.आर. रोडेलाल, प्र.आर. देवीसिंह, प्र.आर. विनोद यादव, आर. दीपक, आर. विक्रम, आर. जीवन सिंह, आर. महेश पूर्विया, आर. मुकेश भील, आर. राजेन्द्र वर्मा, आर. लोकेश विश्वकर्मा, \म.आर. अंजली चैसाइबर शाखा प्रभारी उनि जितेन्द्र अजनारे, आर. सुमित एवं आर. पवन मीणा की सराहनीय भूमिका रही।

## रोटी बनाने की बात पर पत्नी की हत्या, रोने-बिलखने का नाटक करने वाला पति 48 घंटे में गिरफ्तार किया



सारंगपुर। लीमाचैहान थाना क्षेत्र के ग्राम घोंसला में महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने महज 48 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतिका के पति को गिरफ्तार किया है, जिसने पहले घटना को सामान्य मौत बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की थी। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित कुमार तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एल.एल. बंजारे तथा एसडीओपी नेहा गौर के मार्गदर्शन में लिमचैहान पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 6 मई 2026 को थाना लिमचैहान को सूचना मिली थी कि ग्राम घोंसला में करीब 50 वर्षीय महिला मृत अवस्था में पड़ी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां महिला के सिर और छाती पर गंभीर चोटों के निशान मिले। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतिका पूरी बाई के पति सिद्धनाथ तंवर के बयान और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों में विरोधाभास सामने आया। पुलिस को मृतिका और आरोपी के कपड़ों पर खून के धब्बे मिले।

# कृषि उपज मंडी के गोदाम से धनिया की एक बोरी चोरी, सीसीटीवी में कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

नगर की कृषि उपज मंडी में 27 अप्रैल रात्रि में व्यापारी रामबाबू राठौर के गोडाउन से धनिए की बोरियां चोरों द्वारा चुरा ली गई थी। यह घटना सीसी टीवी में कैद हो गई। जिस पर फरियादी ने एक आवेदन थाना प्रभारी को कार्यवाही के लिए दिया।

जिस पर पुलिस ने कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर सीसी टीवी फुटेज खगाले। आवेदन देने के दूसरे दिन बाद फिर चोर मंडी में आए और एक बोरी धनिए की चुरा ले गए। इस पूरी वारदात को चोरों ने बिना किसी भय के अंजाम दिया है। नगर के कृषि उपज मंडी जिसे जिले की गिनी चुनी मंडियों में गिना जाता है। इस में अपर्याप्त रोशनी वा सुरक्षा के नाकाफी इंतजाम भी चोरों के लिए मददगार साबित हुई है। फरियादी के आवेदन देने के बाद लगातार थाने के चक्कर लगा रहा है पर उसकी एफआईआर नही लिखी गई। पुलिस ने के द्वारा सीसी फुटेज देखने के बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया गया जो पुलिस की कार्यवाही पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है और चोरों के हौसले बुलंद करता है।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा पहली घटना के बाद लगातार पुलिस थाने के चक्कर लगा रहा हु पर अभी तक पुलिस ने मेरी एफआईआर भी नही लिखी।

-रामबाबू राठौर, फरियादी

हम चोरो के करीब है हम जल्द ही उन्हे पकड़ लेंगे आप फरियादी को भेज दो हम एफआईआर लिख लेंगे।

आदित्य सोनी थाना प्रभारी माचलपुर

## हज यात्रा पर जाने वाले नायक परिवार का स्वागत किया

**सारंगपुर.** मुकद्दस हज यात्रा पर रवाना हो रहे समाजसेवी भूरा भाई नायक का गुरुवार रात्रि में क्षेत्रवासियों द्वारा गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल किया गया। हज यात्रा पर जाने की खुशी में उनके निवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा।

इस दौरान परिजनों, मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया तथा मुबारकबाद पेश की। हज इस्लाम धर्म की सबसे पवित्र इबादतों में से एक मानी जाती है और इस रूहानी सफर पर रवाना होने वाले भूरा भाई नायक के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने उनके सफल, सुरक्षित और आसान सफर के लिए दुआएं मांगीं। सभी ने अल्लाह रब्बुल इज्जत से प्रार्थना की कि उनकी हज यात्रा कुबूल हो और वे सकुशल वापस लौटें। इस अवसर पर रफीक भाई नायक, इरफान नायक ,इमरान खा,हारून नायक,सलमान नायक,रिजवान सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन, ईष्ट मित्र एवं शुभचिंतक मौजूद रहे।

### समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

## अज्ञात कारणों से नगर परिषद के कचरा वाहन में लगी आग



**कुरावर।** नगर परिषद के एक कचरा वाहन में शुक्रवार शाम अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला परिसर की बताई जा रही है, जहां नगर परिषद के कचरा वाहन खड़े किए जाते हैं। आग की चपेट में आने से वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4 बजे परिसर में खड़े एक कचरा वाहन में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। मौके से गुजर रहे बाबूलाल जामलिया ने तत्काल इसकी सूचना नगर परिषद को दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगर परिषद का फायर ब्रिगेड वाहन पहले से खराब पड़ा हुआ था, जिसके कारण आग बुझाने में काफी देरी हुई। सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद नगर परिषद कर्मचारी नवीन पटेल एवं सावन शर्मा पानी के टैंकर के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी परिसर में एक-दो माह पूर्व खड़े कचरा वाहनों से बैटरी चोरी की घटनाएं भी सामने आई थीं। बावजूद इसके सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। चोरी के मामले में भी अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

घटना के बाद क्षेत्रवासियों में नगर परिषद की व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाता तो वाहन को बचाया जा सकता था।

# जनगणना में शत-प्रतिशत कार्य करने वाले प्रगणक सुपरवाइजरों को किया सम्मानित



**जीरापुर।** जनगणना कार्य के तहत डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी डा. ज्योति राजोरे द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में ग्राम मेलखेड़ी एच एल बी-184 के जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। इसमें तहसील कार्यालय में जिन प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का 100: कार्य पूरा हो गया है उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें तहसीलदार कमलसिंह सोलंकी द्वारा तहसील जीरापुर की जनगणना कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर आश्वासन दिया कि जीरापुर तहसील जिले में सबसे पहले जनगणना कार्य पूर्ण करने हेतु प्रयासरत है। 'इन मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रगणकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स रईस मोहम्मद मंसूरी, निर्मल सिंह पवांर, प्रणव खुजनेरी, नवनीत गुप्ता पर्यवेक्षक अनिल पुष्पद, दीपक पवांर, अमित भावसार, बद्रीलाल मालवीय और प्रगणक नरवर सिंह परमार, नारायण सिंह लववंशी को सम्मानित किया गया। नप के 15 वार्डों में 29 गणना ब्लॉक बनाए जहां पर 5 सुपरवाइजर के निर्देशन में 26 प्रगणक सूचीकरण काम कर रहे । इनमें से गणना ब्लॉक 14 के प्रगणक जितेन्द्र मालवीय एवं सुपरवाइजर नवनीत गुप्ता तथा गणना ब्लॉक 7 के प्रगणक गिरीराज गुप्ता एवं सुपरवाइजर अमित भावसार ने शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण पर सीएमओ हरीओम शर्मा द्वारा सम्बंधित प्रगणक एवं सुपरवाइजरों की सराहना की। इसमें जनगणना प्रभारी शहरी कमल भावसार , तकनीकी सहायक ईश्वर राठौर , प्रभारी ग्रामीण शिवनंदन मंड़लोई उपस्थित रहे।

## जनगणना कार्य पूर्ण करने में सुठालिया तहसील जिले में अव्वल, तहसीलदार ने ली सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक



**सुठालिया।** आगामी जनगणना 2027 को लेकर सुठालिया तहसील कार्यालय में शुक्रवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। तहसीलदार रामनिवास धाकड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी 22 सुपरवाइजर उपस्थित रहे। जनगणना तहसील प्रभारी अरविंद मीना ने क्षेत्र में कार्य के दौरान आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों पर चर्चा की तथा त्रुटियों के त्वरित निराकरण हेतु विस्तृत तकनीकी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रगणकों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने सर्कलवार एवं प्रगणकवार प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सुठालिया तहसील ने अब तक 27 प्रतिशत कार्य एवं 54 हाउसहोल्ड लिस्टिंग ब्लॉक पूर्ण कर जिले में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। समीक्षा में 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाले प्रगणकों पर नाराजगी जताते हुए तहसीलदार ने संबंधितों को तत्काल प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### गुना में शुरू होगी शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026, पिछड़ा वर्ग के युवाओं को मिलेगा निशुल्क प्रशिक्षण

**गुना।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवक/युवतियों के लिए "शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026" लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सेना, अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करना है।इस योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें उन्हें शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान आवास एवं भोजन की व्यवस्था पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, गुना द्वारा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गांधी वोकेशनल कॉलेज, कुसमोदा में 15 मई 2026 से प्रारंभ होगा। इसके लिए इच्छुक युवक/युवतियों से 11 मई 2026 तक ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिन्हें पुरानी कलेक्टरेट परिसर स्थित पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, गुना में जमा किया जा सकता है।यह योजना गुना जिले में पहली बार आयोजित की जा रही है, जिसे पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। विभाग के सहायक संचालक बी. सिसोदिया, निरीक्षक राकेश राठौर एवं शाखा प्रभारी पवन भार्गव ने पिछड़ा वर्ग के युवाओं से इस योजना में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।अधिकारियों ने कहा कि इस प्रशिक्षण से युवाओं को भविष्य में सेना, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं में भर्ती के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

### स्लॉट समाप्त होने पर भी जारी होगी तौल पर्ची

**गुना ।** वर्तमान में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी केंद्रों पर किसानों की अत्यधिक आवक होने के कारण कुछ किसानों के स्लॉट की अंतिम तिथि होने के बावजूद तुलाई एवं ऑनलाइन बिल जारी करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पा रही है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है कि जिन किसानों की स्लॉट अवधि समाप्त हो रही है, उनकी किसान तोल पर्ची स्लॉट के अंतिम दिवस पर ही ई-उपार्जन पोर्टल से जारी कर दी जाएगी। वहीं तुलाई एवं ऑनलाइन बिल जारी कराने के लिए आगामी तिथि निर्धारित करने की व्यवस्था डीएसओ लॉगिन के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।इस संबंध में सभी खरीदी केंद्रों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि कोई भी किसान गेहूं विक्रय से वंचित न रहे तथा खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### कृषि उपज मंडी आरोन का निरीक्षण

**गुना ।** एसडीएम आरोन सुश्री महिमा चौधरी द्वारा कृषि उपज मंडी आरोन का निरीक्षण कर मंडी की नीलामी व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उनकी समस्याएं भी सुनीं। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में गलत तरीके से खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर चालानी कार्रवाई की गई एवं सभी वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा करवाया गया, जिससे मंडी परिसर में सुचारू आवागमन सुनिश्चित हो सके।

### छात्रों के वाहन भी खड़े थे पास, समय रहते फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

# पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज के बाहर सूखे पेड़ में लगी आग, मुख्य मार्ग पर मची अफरा-तफरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शहर के पीजी कॉलेज, वर्तमान पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज के मुख्य द्वार के बाहर शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे खड़े एक पुराने पेड़ के खोखले हिस्से में अचानक आग भड़क उठी। प

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पेड़ के तने के अंदर आग लगा दी गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया।घटना के समय कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं की आवाजाही जारी थी। पेड़ के नीचे बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन भी खड़े हुए थे। आग की लपटें और धुआं बढ़ता देख मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। लोगों को आशंका थी कि यदि आग वाहनों तक पहुंच जाती तो किसी वाहन में ब्लास्ट जैसी स्थिति बन सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था।

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड

घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कुछ ही देर में दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद कॉलेज प्रबंधन, राहगीरों और छात्रों ने राहत की सांस ली।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आग आसपास खड़े वाहनों तक फैल सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान होने की संभावना थी।

### वीआईपी मूवमेंट वाले मार्ग पर हुई घटना

जिस स्थान पर यह घटना हुई, वह शहर का अत्यंत व्यस्त और संवेदनशील मार्ग माना जाता है। इसी सड़क से आगे खेल प्रसाल आकाशवाणी केंद्र, जिला जेल, एसपी कार्यालय और पुलिस लाइन जैसे महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालय स्थित हैं। दिनभर यहां वीआईपी अधिकारियों और आम नागरिकों का आवागमन बना रहता है। घटना के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीर रुककर आग बुझाने का प्रयास और दमकल की कार्रवाई देखते रहे। कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

### शहर में बढ़ रही आगजनी की घटनाएं

शहर में इन दिनों आगजनी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। शुक्रवार सुबह ही शहर के बीचोंबीच स्थित एक जनरल स्टोर में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई थी। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया।हालांकि घटना सुबह के समय हुई, जब बाजार में चहल-पहल शुरू नहीं हुई थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बावजूद इसके दुकानदार और आसपास के रहवासियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठने लगे सवाल

लगातार सामने आ रही आगजनी की घटनाओं के बाद शहर की सुरक्षा व्यवस्था और अग्निशमन संसाधनों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाने और आगजनी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## बाल कल्याण समिति सदस्य पर अभद्रता के आरोप, अधिवक्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ताओं ने बाल कल्याण समिति की एक सदस्य पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और सख्त कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता अमरीश सिंह रघुवंशी ने बताया कि मामला 29 अप्रैल का है, जब बाल कल्याण समिति द्वारा सोनिया सोनी और उनके पुत्र को नोटिस देकर बुलाया गया था। इसी दौरान वे अपने परिचित की सहायता हेतु सामान्य वेशभूषा में समिति के समक्ष उपस्थित हुए थे। आरोप है कि वहां मौजूद समिति सदस्य ने व्यक्तिगत रंजिश के चलते उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें वहां से चले जाने को कहा। अधिवक्ता का कहना है कि वे केवल एक मित्र के नाते मार्गदर्शन के लिए उपस्थित हुए थे, लेकिन उनके साथ अनुचित व्यवहार किया गया। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि वर्ष 2022 के पार्षद चुनाव की पुरानी रंजिश के कारण यह व्यवहार किया गया। अधिवक्ताओं ने इसे पद की गरिमा के विपरीत बताया। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि संबंधित सदस्य के व्यवहार की जांच कराई जाए, उनकी मानसिक स्थिति का परीक्षण जिला चिकित्सालय से कराया जाए तथा उन्हें पद से मुक्त किया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे और चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### अहिल्या शाखा ने रखवाई पानी की टंकी

**गुना।** अहिल्या शाखा गुना द्वारा नर सेवा ही नारायण सेवा भाव से सेवा कार्य करते हुए इस भीषण गर्मी में जल ही जीवन है के महत्व को समझते हुए अहिल्या शाखा के सदस्यों द्वारा जगह जगह पानी की टंकिया रखवाई गई। इस अवसर पर अहिल्या शाखा की संरक्षक इंदु सोनी, अध्यक्ष नीरज अवस्थी, सचिन रेनू विकास जैन, ट्रेजर सरिता ग्रोवर, शालिनी धाकड़ और प्रीति शर्मा ने विघ्न हरण बालाजी मंदिर दुबे कॉलोनी सहित नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पानी की टंकी रख उनमें साफ पानी भरा। शाखा कि अध्यक्ष एवं सचिव रेनू जैन ने बताया कि इस भीषण गर्मी में गायों को जल के लिए गहन संघर्ष करना पड़ता है। हमारी गोमाता पानी की खोज में दर दर भटकती रहती हे इसके लिए अहिल्या शाखा की बहनों ने आगे आकर मूक पशुओं की सेवा का संकल्प लेते हुए नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों के आसपास पानी की टंकी उपलक्ष्य कराई। अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा भव्य सेवा सम्मान समारोह आयोजित

# गुना के अधिकारी व समाजसेवी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित भव्य "सेवा सम्मान समारोह" में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा गुना जिले में उल्लेखनीय सेवाकार्य करने वाले कई अधिकारियों एवं समाजसेवियों को सम्मान प्रदान किया गया।सम्मानित होने वालों में किशोर कुमार कन्याल, अखिलेश विजयवर्गीय, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश




गोयल, जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट, अभिषेक शर्मा तथा नीतीश कुमार जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे।जूनियर रेडक्रॉस द्वारा आयोजित प्रादेशिक सद्भावना शिविर के सफल आयोजन एवं जनहितकारी गतिविधियों में योगदान के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कलेक्टर के अनुपस्थित रहने पर उनके प्रतिनिधि ने सम्मान ग्रहण किया।अपने संबोधन में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि रेडक्रॉस जैसी संस्थाएँ मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि समाज सेवा केवल कार्य नहीं बल्कि मानव जीवन का सर्वोच्च धर्म है।उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग निःस्वार्थ भाव से शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान और जरूरतमंदों की सहायता में योगदान देते हैं, वे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने भी समाज सेवा को मानवता की पहचान बताते हुए ऐसे आयोजनों को प्रेरणादायक बताया। समारोह में रेडक्रॉस के सदस्य, समाजसेवी नागरिक उपस्थित रहे।